भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 256**
02 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: पीएमएफबीवाई के अंतर्गत किसानों का नामांकन और दावों का निपटान**

**256. श्रीमती भारती पारधीः**
**श्री नरेश गणपत म्हस्केः**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः**
**श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकरः**
**श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटीलः**
**श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणेः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत नामांकित किसानों की संख्या कितनी है तथा तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में जिला-वार कितने किसानों के दावों का निपटान निर्धारित समय के भीतर नहीं किया गया तथा ऐसे विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में पीएमएफबीवाई दावा निपटान के अन्तर्गत लंबित अथवा विलंबित कुल राशि कितनी है तथा निपटान में लगने वाला औसत समय तथा सर्वाधिक विलंब वाले जिलों का ब्यौरा क्या है;

(घ) मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में किसानों से प्रीमियम का भुगतान करने के बावजूद दावा अस्वीकार किए जाने या शामिल नहीं किए जाने के संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं और उनका क्या समाधान किया गया तथा शिकायत निवारण के लिए क्या कदम उठाए गए; और

(ङ) क्या मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में भुगतान में विलम्ब करने/भुगतान करने से मुकरने के संबंध में बीमा कंपनियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही शुरू की गई थी और यदि हाँ, तो लगाए गए जुर्माने और सुधार संबंधी उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (ग): मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक (31 अक्टूबर, 2025 तक) नामांकित और दावों से लाभान्वित किसान के आवेदनों, भुगतान किए गए और लंबित दावों का जिलेवार विवरण क्रमशः **अनुबंध-I और II** में दिया गया है।

अधिकांश दावों का निपटान निर्धारित समय-सीमा के भीतर, अर्थात संबंधित राज्य सरकार से अपेक्षित उपज आंकड़े प्राप्त हो जाने के 21 दिनों के भीतर, बीमा कंपनियों द्वारा कर दिया जाता है। हालांकि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कार्यान्वयन के दौरान, दावों के भुगतान के संबंध में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जो मुख्यतः **(क) राज्य सरकार का सब्सिडी का हिस्सा प्रदान करने में विलंब (ख) बैंकों द्वारा बीमा प्रस्तावों को गलत/विलंब से प्रस्तुत करने के कारण दावों का भुगतान न होना/विलंब से भुगतान या कम भुगतान (ग) उपज आंकड़ों में विसंगति और इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार और बीमा कंपनियों के बीच विवाद आदि के कारण थीं।** इन मुद्दों के कारण लंबित दावों का निपटान योजना के प्रावधानों के अनुसार उनके समाधान के बाद किया जाता है।

(घ) और (ङ): मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में (जनवरी 2025 से 27 नवंबर, 2025 तक) कृषि रक्षक पोर्टल और हेल्पलाइन (KRPH) पर किसानों से प्राप्त PMFBY के कार्यान्वयन से संबंधित शिकायतों और उन पर किए गए समाधान का विवरण नीचे दिया गया है:

| मध्य प्रदेश | | | | महाराष्ट्र | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **शिकायत/वाद का प्रकार** | **शिकायतों की संख्या** | **शिकायत का समाधान** | **समाधान % में** | **शिकायतों की संख्या** | **शिकायत का समाधान** | **समाधान % में** |
| दावा | 43,302 | 42,397 | 98% | 14,44,172 | 14,42,690 | 100% |
| नामांकन | 563 | 551 | 98% | 34,387 | 34,327 | 100% |
| सामान्य | 12,496 | 12,347 | 99% | 1,57,478 | 1,57,475 | 100% |
| व्यक्तिगत जानकारी | 527 | 517 | 98% | 4,390 | 4,379 | 100% |
| **कुल** | **56,888** | **55,812** | **98%** | **16,40,427** | **16,38,871** | **100%** |

PMFBY के प्रचालन दिशानिर्देशों के अनुसार, यदि बीमा कंपनी द्वारा समय पर भुगतान नहीं किया जाता है, तो खरीफ 2024 से राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) के माध्यम से 12% का जुर्माना स्वतः गणना करके लगाया जाएगा।

**अनुबंध-I**

**PMFBY और RWBCIS: जिलेवार नामांकित किसान आवेदनों, दावों से लाभान्वित किसान आवेदनों का विवरण। मध्य प्रदेश में वर्ष 2020-21 से 24-25 तक भुगतान किए गए और लंबित दावे (31 अक्टूबर, 2025 तक)।**

| जिले | नामांकित किसान आवेदन | दावों के साथ लाभान्वित किसान आवेदन | भुगतान किए गए दावें | लंबित दावे |
|---|---|---|---|---|
| | (संख्या में) | | (रुपए करोड़ में) | |
| आगर मालवा | 23,06,375 | 4,45,489 | 257.92 | 1.81 |
| अलीराजपुर | 3,75,583 | 1,10,671 | 20.55 | 0.07 |
| अनुपपुर | 2,74,100 | 86,057 | 17.29 | 0.08 |
| अशोकनगर | 10,55,288 | 2,55,332 | 134.28 | 0.68 |
| बालाघाट | 9,12,694 | 3,78,056 | 74.96 | 0.32 |
| बड़वानी | 2,35,525 | 99,177 | 36.64 | 0.15 |
| बेतुल | 23,41,419 | 6,54,284 | 531.94 | 1.48 |
| भिण्ड | 3,62,040 | 1,16,102 | 27.38 | 0.31 |
| भोपाल | 9,72,424 | 1,90,201 | 216.65 | 0.52 |
| बुरहानपुर | 40,247 | 17,859 | 11.45 | 0.05 |
| छतरपुर | 10,49,069 | 1,24,955 | 50.69 | 0.11 |
| छिंदवाड़ा | 11,04,661 | 4,92,656 | 199.80 | 1.47 |
| दामोह | 12,02,396 | 2,22,422 | 160.81 | 0.33 |
| दतिया | 6,87,956 | 1,04,141 | 48.33 | 0.53 |
| देवास | 36,96,217 | 15,22,911 | 1,052.19 | 5.93 |
| धार | 22,58,110 | 6,44,250 | 390.52 | 1.27 |
| डिण्डोरी | 80,229 | 14,071 | 4.68 | 0.08 |
| पूर्वी निमाड़ | 13,44,040 | 3,28,475 | 309.91 | 0.78 |
| गुना | 11,06,093 | 2,72,103 | 154.15 | 0.95 |
| ग्वालियर | 3,18,787 | 71,920 | 19.29 | 0.47 |
| हरदा | 9,65,052 | 3,31,238 | 553.76 | 1.42 |
| इंदौर | 17,62,238 | 8,67,473 | 623.07 | 3.12 |
| जबलपुर | 2,78,368 | 69,271 | 36.00 | 0.30 |
| झाबुआ | 5,96,537 | 2,69,143 | 90.28 | 0.26 |
| कटनी | 3,43,361 | 67,390 | 25.24 | 0.35 |
| खारगोन | 4,68,830 | 1,92,804 | 107.15 | 0.27 |
| मैहर | 54,623 | 21,263 | 7.28 | 0.10 |
| मांडला | 1,38,667 | 42,619 | 15.81 | 0.16 |
| मन्दसौर | 35,53,730 | 15,35,617 | 802.06 | 5.22 |
| मऊगंज | 68,947 | 39,778 | 8.57 | 0.13 |
| मुरैना | 2,63,249 | 78,439 | 21.08 | 0.26 |
| नर्मदापुरम | 14,40,993 | 5,63,100 | 606.40 | 1.87 |
| नरसिंहपुर | 7,53,109 | 2,69,753 | 154.34 | 1.07 |
| नीमच | 17,87,031 | 10,36,627 | 462.97 | 3.51 |
| निवाड़ी | 2,21,094 | 28,316 | 6.72 | 0.06 |
| पंधुरना | 49,150 | 8,838 | 1.67 | 0.09 |
| पन्ना | 3,55,644 | 64,948 | 21.97 | 0.16 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रायसेन | 18,60,266 | 4,66,033 | 467.10 | 1.78 |
| राजगढ़ | 61,37,124 | 9,65,360 | 592.42 | 3.20 |
| रतलाम | 26,27,284 | 7,82,599 | 550.11 | 2.81 |
| रीवा | 6,70,854 | 1,99,268 | 66.69 | 0.47 |
| सागर | 25,57,619 | 4,43,101 | 394.68 | 1.12 |
| सतना | 8,52,543 | 3,22,806 | 99.01 | 0.64 |
| सीहोर | 41,85,058 | 15,70,088 | 1,233.34 | 2.25 |
| सिवनी | 10,57,408 | 3,60,427 | 204.98 | 1.88 |
| शहडोल | 5,60,745 | 1,92,653 | 42.22 | 0.17 |
| शाजपुर | 39,16,004 | 9,41,024 | 742.39 | 1.82 |
| श्योपुर | 2,34,027 | 54,742 | 32.64 | 0.23 |
| शिवपुरी | 9,67,419 | 1,64,175 | 63.97 | 0.62 |
| सीधी | 1,23,037 | 31,680 | 11.56 | 0.05 |
| सिंगरौली | 50,808 | 27,858 | 7.37 | 0.04 |
| टीकमगढ़ | 6,86,409 | 75,614 | 32.20 | 0.05 |
| उज्जैन | 53,91,270 | 17,97,149 | 1,163.35 | 4.95 |
| उमरिया | 3,30,714 | 83,264 | 24.39 | 0.06 |
| विदिशा | 41,85,671 | 8,88,432 | 871.62 | 2.57 |
| **कुल** | **7,12,18,136** | **2,10,04,022** | **13,863.81** | **60.46** |

**अनुबंध-II**

**PMFBY और RWBCIS: जिलेवार नामांकित किसान आवेदनों, दावों से लाभान्वित किसान आवेदनों का विवरण। महाराष्ट्र में वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक भुगतान किए गए और लंबित दावे (31 अक्टूबर, 2025 तक)।**

| जिले (महाराष्ट्र) | नामांकित आवेदन | लाभान्वित आवेदन | भुगतान किए गए दावे (करोड़ रुपये में) | लंबित दावे (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| अहिल्यानगर | 47,90,245 | 15,19,920 | 1,611.92 | 5.17 |
| अकोला | 20,96,440 | 10,28,544 | 782.64 | 5.66 |
| अमरावती | 17,46,609 | 6,69,034 | 603.13 | 18.90 |
| बीड | 1,06,99,818 | 39,08,913 | 1,802.91 | 7.11 |
| भंडारा | 10,00,467 | 69,807 | 15.85 | 0.44 |
| बुलढाना | 30,75,357 | 12,06,360 | 1,524.70 | 15.44 |
| चंद्रपुर | 9,34,655 | 2,22,683 | 298.95 | 1.20 |
| छत्रपति संभाजीनगर | 51,60,694 | 22,47,877 | 1,127.08 | 19.47 |
| धाराशिव | 50,59,337 | 19,10,492 | 1,726.91 | 3.52 |
| धुले | 8,26,500 | 3,19,907 | 256.12 | 3.93 |
| गडचिरोली | 3,11,647 | 47,384 | 23.96 | 0.06 |
| गोंदिया | 5,46,774 | 50,912 | 18.18 | 0.07 |
| हिंगोली | 24,60,427 | 13,91,732 | 619.49 | 2.12 |
| जलगांव | 19,06,384 | 11,10,193 | 2,960.95 | 19.58 |
| जालना | 55,98,746 | 20,85,123 | 1,456.20 | 23.38 |
| कोल्हापुर | 1,64,614 | 22,792 | 16.14 | 0.33 |
| लातूर | 59,52,975 | 23,30,564 | 1,517.56 | 23.82 |
| नागपुर | 7,04,815 | 1,98,002 | 246.24 | 1.64 |
| नांदेड़ | 64,58,070 | 38,73,154 | 2,057.82 | 7.84 |
| नंदुरबार | 3,10,897 | 1,30,581 | 201.27 | 2.84 |
| नासिक | 21,81,799 | 9,12,871 | 1,320.31 | 6.26 |
| पालघर | 2,07,729 | 45,334 | 119.22 | 0.87 |
| परभणी | 46,73,320 | 23,70,199 | 1,814.85 | 46.81 |
| पुणे | 7,54,030 | 1,81,063 | 90.83 | 1.31 |
| रायगढ़ | 1,65,509 | 44,788 | 99.80 | 2.32 |
| रत्नागिरि | 1,98,506 | 1,50,483 | 437.96 | 2.20 |
| सांगली | 11,12,720 | 3,54,512 | 272.04 | 5.78 |
| सतारा | 7,82,834 | 2,35,638 | 126.74 | 2.20 |
| सिंधुदुर्ग | 2,61,300 | 1,75,865 | 379.02 | 1.53 |
| सोलापुर | 28,31,986 | 9,76,621 | 997.58 | 2.25 |
| ठाणे | 3,10,842 | 1,01,316 | 111.78 | 0.27 |
| वर्धा | 6,50,355 | 2,54,831 | 290.97 | 1.43 |
| वाशिम | 20,10,932 | 8,94,822 | 604.71 | 3.32 |
| यवतमाल | 33,01,610 | 17,28,194 | 956.41 | 3.66 |
| **कुल (महाराष्ट्र)** | **7,92,48,943** | **3,27,70,511** | **26,490.24** | **242.73** |

*******